तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 28 जुलाई 2024

13 कारगिल दिवस के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम



14 एक ही रात तीन दुकानों पर चोरों का धावा, लाखों...





## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी कार, सवार घायल

**गुरूर।** शुक्रवार को लगभग 11 बजे के आस पास ग्राम ठेकवाडीह से दुपचेरा मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे कार के सामने भाग के परखच्चे उड़ गए। खेत में काम कर रहे आस पास के लोगों ने बताया कि कार क्रमांक सीजी 12 एके 9419 दुपचेरा से गुरुर की ओर आ रही थी। सड़क पर खेतों की मिट्टी के कारण फिसलन थी, जिसके कारण ठेकवाडीह से कुछ ही दूरी पर मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 7 फीट गड्ढे में जा गिरी। इसमें कार में सवार लोगों को सामान्य चोटें आईं, जिन्हें आसपास के लोगों ने बाहर निकाला।

### खेत की मेड़ को फोड़ने से मना किया तो की मारपीट

**बालोद।** खेत की मेड़ को तोड़कर पानी बाहर निकालने से मना करने पर दो भाइयों ने मिलकर कर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। मारपीट का मामला थाना तक पहुंच गया। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम मनकी निवासी भारत ने बताया कि वह अर्जुन्दा में टेलर का काम एवं खेती किसानी का काम करता है। 23 जुलाई को अर्जुन्दा से अपने दुकान को शाम लगभग 5 बजे बंद करके अपने घर मनकी गया। कुछ देर बाद अपने खेत जो मनकी से कठिया मार्ग पर है जिसे देखने के लिए गया था, शाम करीबन 6 बजे कन्हैया सोनकर, जग्गू सोनकर निवासी अर्जुन्दा हाईस्कूल के पीछे, दोनों मेरे खेत के पास आये और मेरे खेत की मेड़ को तोड़कर पानी निकालना है बोलने लगे। मेरे मना करने पर वे मेरे साथ वाद विवाद कर गाली गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गाली गलौज देने से मना करने पर दोनों ने मुझसे मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### धनेली में लोकार्पण व सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** ग्राम धनेली में शनिदेव मंदिर के पास तालाब पार में नवनिर्मित शेड तथा पेवर ब्लाक का आज लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही हाई स्कूल तालाब पार में महिला गार्डन में पौधारोपण कार्य तथा किचन शेड निर्माण के लिए दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह 28 जुलाई को 12 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर प्रभात कुमार धुरवे होंगे। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि सभापति महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत गुरूर राजेश्री यादेश्वर क्षत्रिय, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत धनेली गोविंद राम साहू, उपसरपंच, पंच उपस्थित रहेंगे।

### देशी शराब भट्ठी के गल्ले से दस लाख की चोरी

**भिलाई।** शराब भट्ठी से लाखों रुपए का नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक नयापारा स्थित देशी शराब भट्ठी में गुरुवार की आधी रात नगदी 10 लाख रुपए नगदी गल्ले से पार हो गया। यह रुपए शराब बिक्री के थे। घटना रात करीब ढ़ाई बजे के आसपास की बताई जा रही है। वारदात की पूरी घटनाक्रम देशी शराब भट्ठी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। सीसीटीवी से पुलिस को मिले फुटेज में घटना को अंजाम देने वाले 4 लोग है।

# सालभर भी नहीं टिकी आरसीसी नाली, भ्रष्टाचार उजागर, ग्रामीणों में आक्रोश

## ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड क्र.16 में पिछले वर्ष बनाई गई थी नाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड क्रमांक 16 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत निर्मित आरसीसी नाली निर्माण के एक साल में ही धसकने लगी है। लगभग 250 मीटर तक आरसीसी नाली निर्माण के लिए 6 लाख रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। कार्य स्थल पर लगाए गए सूचना पटल के अनुसार कार्य 22 मई 2023 को प्रारंभ होकर 9 जुलाई 2023 को पूर्ण होना बताया गया है। इतनी जल्दी नाली के धसकने से कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

वार्डवासियों ने बताया कि उक्त आरसीसी नाली निर्माण के पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 20 साल पहले बोल्डर से नाली का निर्माण किया गया था, जो कहीं-कहीं प जर्जर हो गई थी। उसकी जगह ग्राम पंचायत द्वारा आरसीसी नाली का निर्माण कराया गया। उस समय ऐसा लगा था कि उक्त नाली का निर्माण होने से लंबे समय तक पानी निकासी की समस्या से हमें निजात मिलेगी, किंतु यह नाली तो कुछ माह में ही उखड़ने लगी है।



### ग्रामीणों ने की गुणवत्ता जांच की मांग

वार्ड वासियों ने बताया कि उक्त नाली का निर्माण स्थल पर लगे सूचना पटल में निर्माण एजेंसी तो सरपंच ग्राम पंचायत लिखा हुआ है, किंतु निर्माण कार्य में पंचायत प्रतिनिधियों ने किसी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जाना बता रहे हैं। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने उक्त नाली निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराकर दोषियों पर उचित कार्रवाई कर उखड़ी हुई नाली का संधारण कराने की मांग की है।



### कराया जाएगा निरीक्षण

इस संबंध में तकनीकी सहायक छबीकांत सहारे ने कहा कि नाली उखड़ने की जानकारी आपके द्वारा मिल रही है। निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही उसकी मरम्मत भी करवाई जाएगी।

-**छबीकांत सहारे**, तकनीकी सहायक।

## परेशानी : कई विभागों को नहीं दी गई सूचना, एसडीएम ने जताई नाराजगी

# जनसमस्या निवारण शिविर में दिखी भारी अव्यवस्था, भटकते रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- एसडीएम के पहुंचने के बाद फोन कर बुलाए गए अधिकारी-कर्मचारी

शनिवार को नगर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत की लापरवाही से कई विभागों को इस की सूचना ही नहीं थी। एसडीएम ने जब विभाग के लोगों की अनुपस्थिति देखकर जानकारी ली, तब आनन फानन में उन्हें फोन पर सूचना देकर बुलाया गया। शिविर में सीएमओ नदारद रहे, प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे कार्य चलता रहा। पता चला कि नगर पंचायत से कई विभागों को शिविर आयोजित होने की जानकारी नहीं दी गई।

नगर सुराज अभियान के अंतर्गत जन समस्या निवारण पखवाड़ा की शुरुआत शनिवार को हुई। 15 दिन तक चलने वाले शिविर के पहले ही दिन अव्यवस्था का आलम था। शिविर स्थल पर आवेदकों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। कौन से विभाग के अधिकारीशिविर में आए हैं, यह स्पष्ट नहीं था। विभागों के बैनर एक दूसरे के ऊपर बांध दिए गए थे। कोई समझ नहीं पा रहा था कि कौन से विभाग के अधिकारी कर्मचारी कहां बैठे हैं। आवेदक भटक रहे थे। शनिवार को वार्ड एक से पांच तक के लिए आवेदन लिए जा रहे थे। यह शिविर 31 जुलाई तक लगेगा। नगर पंचायत ने पत्र जारी कर प्लेसमेंट कर्मचारियों की नियुक्ति शिविर में लगाई ▶▶|शेष पेज 13 पर



### नपं अध्यक्ष ने की सीएमओ के नहीं आने की शिकायत

अध्यक्ष नगर पंचायत महिमा साहू ने कहा सीएमओ के अवकाश पर होने की जानकारी नहीं है। सीएमओ हमेशा महत्वपूर्ण कार्यों में नदारद रहते हैं। मैंने प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भी इसकी शिकायत की थी। लेकिन न स्थिति सुधरी ना शासन ने ध्यान दिया। हमें नगर के कार्य करने में तकलीफ हो रही है। प्लेसमेंट कर्मचारी कैसे समस्याओं का समाधान करेंगे। एसडीएम प्राची ठाकुर ने कहा कि सीमाओ आकर मिले थे एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए एक दिन की अनुमति की बात कही थी, लिखित आवेदन नहीं है।

### शासन की योजना का नपं ने बना दिया तमाशा : चिंताराम

शिविर के लिए पर्याप्त प्रचार प्रसार नहीं करने का भी आरोप लगाया गया, जिससे शिविर में कम आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में मांग के कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए, शिकायत के आवेदनों की संख्या शून्य रही। नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष चिंताराम साहू ने कहा कि सरकार की महति योजना को नगर पंचायत प्रशासन ने तमाशा बना दिया है। प्लेसमेंट कर्मचारियों की नियुक्ति शिविर में की गई है वे कैसे आवेदनों का निराकरण करेंगे।

# मध्यान्ह भोजन के लिए कमरे में रखी 4 ट्राली लकड़ियां जलकर खाक

- ग्रामीणों ने जताई अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका
- शासकीय विद्यालय बरबसपुर की घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला बरबसपुर स्कूल के एक कमरे में रखे मध्याह्न भोजन के लिए रखी सूखी लकड़ियों को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। इससे पूरी लकड़ी जलकर राख हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 26 जुलाई शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। स्कूल के एक पुराने कमरे में रखी 4 ट्रैक्टर ट्राली सूखा लकड़ी में किसी अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। इससे स्कूल में मध्यान्ह भोजन संचालित कर रहे मुस्कान स्वसहायता महिला समूह को भारी क्षति पहुंची है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष व सरपंच पति दिलीप कुमार मंडावी ने बताया कि शुक्रवार की रात तकरीबन 1 बजे स्कूल के एक कमरे में आगजनी घटना की जानकारी लोगों ने दी। मैं तुरंत घटना स्थल पहुंचा। कमरे की खिड़की की तरफ से देखा, तो पूरी लकड़ी में आग लग चुकी थी। आग की लपटें कमरे की छत को छू रही थीं। आग इतना तेज थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल था। सुबह जब स्कूल खुला तब प्रधान पाठक व सभी शिक्षक सहित स्वसहायता समूह के सदस्यों ने आगजनी वाले कमरे में जा कर देखा तो 4 ट्राली रखी लकड़ी जलकर राख हो गई थी। लकड़ी के जल जाने से मध्याह्न भोजन संचालन कर रहे समूह को लगभग 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। साथ ही आग के के कारण कमरे का प्लास्टर उखड़ने लगा है।

# स्कूल से कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अर्जुन्दा थाना क्षेत्र स्थित शासकीय विद्यालय चौरेल की घटना

चोर ने स्कूल में रखे कम्प्यूटर सिस्टम व सीसीटीवी कैमरा सहित डीव्हीआर पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीबन 20 हजार रुपए बताई जा रही है।

मामला अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरेल में स्थित शासकीय स्कूल का है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम चौरेल के प्रभारी प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 22 जुलाई को शाम 4 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल के कमरों में ताला बंद कर प्रतिदिन की तरह चाबी सहायक ग्रेड 2 महेंद्र नेताम व स्वीपर आशो बाई निषाद रखे थे। अगले दिन 23 जुलाई को करीबन 9:45 बजे मैं स्कूल पहुंचा तो स्वीपर आशो बाई निषाद बतायी कि मेन गेट, स्टाफ रूम व प्राचार्य कक्ष का ताला नहीं है व दरवाजा खुला है। इस पर मैंने स्टाफ के साथ जाकर देखा तो प्राचार्य कक्ष में रखे कम्प्यूटर का सीपीयू, की-बोर्ड, यूपीएस एवं सीसीटीव्ही कैमरा का डीव्हीआर नहीं था।

वहीं, स्टाफ रूम का भी दरवाजा खुला था। वहां रखे कम्प्यूटर का सीपीयू, यूपीएस भी नहीं थे। 22 जुलाई शाम 4 बजे से 23 जुलाई सुबह 9:30 बजे के मध्य रात्रि में कोई अज्ञात चोर द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ग्राम चौरेल के मेन गेट का ताला तोड़कर प्राचार्य कक्ष व स्टाफ कक्ष में लगे ताला को तोडकर अंदर प्रवेश कर रखे कम्प्यूटरों व अन्य समान की चोरी कर ले गया। प्राचार्य की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत मामला दर्ज कर जाँच में जुटी है।

# लगातार बारिश से खेतों में भरा पानी, धान सड़ने का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

- किसानों को पानी निकलने का इंतजार
- पिछड़ रहा निंदाई, चलाई, रोपाई का काम

बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के अधिकांश किसान चिंतित व परेशान हैं। खेतों में जरुरत से ज्यादा पानी भर जाने से खेती किसानी का कार्य जैसे निंदाई, चलाई, रोपाई का काम पिछड़ने लगा है। खेतों में पानी की धार चलने से किसान खाद एवं दवाईयों का छिड़काव अब तक नहीं कर पा रहे हैं। बिना खाद, दवाई छिड़काव से धान की पौधों में ग्रोथ नहीं हो पा रहा है। देखा गया है कि शुरुआती दौर में बारिश कम होने की वजह से रोपाई करने के लिए धान की नर्सरी (थरहा) डाला गया था, लेकिन बारिश नहीं होता देख बहुत से किसानों ने रोपा पध्दति की जगह तुरंत लाईचोपी व खेतों की फिर से बुआई कर दी। बुआई करते ही अच्छी बारिश शुरू हो गई, लेकिन लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों की मेहनत में पानी फिर गया। खेतों में पानी भर जाने से धान के बीज सड़ गए। अब किसानों को पानी बंद होने का इंतजार ▶▶|शेष पेज 13 पर

# सभी सरकारी अस्पतालों में महिला चिकित्सक नियुक्त करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- विधायक अनिला ने विधानसभा में उठाया महिलाओं के स्वास्थ्य का मामला



क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करने मांग की। विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि गरीब तबके की महिलाएं हर परिस्थिति में सरकारी अस्पतालों में ईलाज करवाती हैं, परन्तु स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण अपनी आंतरिक बीमारी को सहजता से पुरुष डॉक्टर को नहीं बता पाती हैं। इसके कारण आंतरिक बीमारियों का इलाज ठीक से नहीं हो पाता है। ईलाज के अभाव में बीमारी और बढ़ने पर उसे रेफर कर दिया जाता है। इससे दर-दर ठोकर खाकर महिलाएं आखिरकार प्राइवेट अस्पताल का सहारा लेती हैं। जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ के माध्यम से इलाज कराकर स्वस्थ होती हैं। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के दौरान मोटी रकम देनी पड़ती है, जिससे आर्थिक क्षति होने के कारण कर्ज लेना पड़ता है। कर्ज के बोझ के कारण परिवार में तनाव बढ़ने लगता है। जिससे अप्रिय घटना घट सकती है।इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए विधायक अनिला भेड़िया ने छत्तीसगढ़ के सभी अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करने मांग की है। श्रीमती भेड़िया ने कहा है कि आजकल महिलाओं में स्तन कैंसर, बच्चेदानी में ▶▶|शेष पेज 13 पर

## मामले में अब तक कुल आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

# पार्षद से मारपीट के मामले में पूर्व विधायक भैयाराम भी आरोपी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- व्यावसायिक परिसर में तोड़फोड़ के दौरान हुई थी मारपीट की घटना

बीते 12 जुलाई को नगर में व्यावसायिक परिसर को तोड़ने के दौरान पार्षद कुंती सिन्हा की शिकायत पर कायम प्रकरण में पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा को भी आरोपी बनाया गया है। भैयाराम के साथ तीन अन्य लोगों के नाम भी हैं। इस तरह प्रकरण में अब कुल आठ आरोपी हो गए हैं। रविवार को पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा अपना बयान दर्ज करने जाएंगे।

व्यावसायिक परिसर में तोड़फोड़ के दौरान प्रभावित व्यवसायियों के परिजनों पर पार्षद वार्ड क्रमांक 4 कुंती सिन्हा के साथ मारपीट करने का आरोप है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। मामले में 4 महिलाओं को पहले आरोपी बनाया गया था। पुलिस जांच एवं गवाहों के बयान के बाद पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा सहित द्रोणा सिन्हा, आरती देवांगन एवं रामकुमार साहू को भी आरोपी बनाया गया है। प्रकरण में अब कुल 8 आरोपी हो गए हैं, सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 296, 115, 351, 191, 3(5) के तहत मामला कायम किया गया है

### पूर्व विधायक भैयाराम ने कहा, रविवार को दर्ज कराएंगे अपना बयान



#### साक्ष्य एवं गवाहों के बयानों के आधार पर तय किए गए आरोप

वर्तमान में चारों आरोपियों को थाने में बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है। थाना प्रभारी तुलसिंह पट्टावी ने कहा कि जांच के दौरान मिले साक्ष्य एवं गवाहों के बयानों के आधार पर आरोप तय किए जा रहे हैं। सभी को बयान के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने कहा कि नोटिस मिला है, रविवार को बयान दर्ज कराने जाऊंगा।




### आज अंबागढ़ चौकी से रेंगाडबरी पहुंचेगा कांवरियों का जत्था

**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में रविवार को 300 से 350 की संख्या में कांवड़िए अंबागढ़ चौकी से कांवड़ में जल लेकर निकलेंगे, जो लगभग दोपहर लगभग 3 बजे रेंगाडबरी पहुंचेंगे। रेंगाडबरी के पास स्थित दर्शनीय स्थल हाखड़ी पाठ पैदल यात्रा भी जाएंगे। हाकड़ी पाठ से शाम 5 बजे रेंगाडबरी के लिए वापस आएंगे। उसके बाद शिव भक्त कांवडियों को बाजे गाजे के साथ गली भ्रमण कराकर स्कूल मैदान भक्त जनों द्वारा आरती की जाएगी। रात्रि में भोजन की व्यवस्था भी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा की गई है। नेमन साहू रेंगाडबरी ने बताया कि सोमवार को सुबह 5 बजे रेंगाडबरी से जामड़ी पाटेश्वर धाम के लिए जत्था रवाना हो जाएगा।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

